चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/ 3927
दिनांक : 31.05.2021

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में संचालित परास्नातक स्तर (एम0ए0, एम0काम0, एम0एस–सी0, एम0एस–सी0 कृषि) के सत्र 2020–21 की सम सेमेस्टर (जून–2021) द्वितीय एवं चतुर्थ एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की बी0एस–सी0 (कृषि) तथा बी0एस–सी0 (गृह विज्ञान) की सम सेमेस्टर (द्वितीय, चतुर्थ, षष्टम एवं अष्टम यथानुसार) की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षाओं तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित एल0एल0एम0 एवं एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय) चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर की परीक्षाओं तथा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को छोड़कर) की सम सेमेस्टर परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म दिनांक 01.06.2021 से विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर ऑनलाईन भरवाये जाने हैं। माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार उपरोक्त कक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर भरवाने की तिथियाँ निम्नानुसार निर्धारित की जाती हैं :–

ऑन–लाईन परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियाँ निम्नानुसार हैं :–

01.	छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की प्रारम्भिक तिथि	**01.06.2021**
02.	छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने की अन्तिम तिथि तथा ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि	**15.06.2021**
03.	परिपूर्ण परीक्षा फार्म महाविद्यालय/संस्थान में जमा करने की अन्तिम तिथि	**16.06.2021**
04.	महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि	**18.06.2021**

विशेष नोट :–

1. **विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।**
2. समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध सन्दर्भित परीक्षा फार्म भरे जाने से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
3. विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी का परीक्षा फार्म किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. समस्त महाविद्यालय/संस्थान/विभाग सभी सम सेमेस्टरों के मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों के परीक्षा फार्म को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करायेंगे।
5. एल–एल0एम0 व एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय) केवल द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा फार्म बाद में भरवाये जायेंगे।
6. परीक्षायें करवाने का कार्यक्रम उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत दिशा–निर्देशों के अनुसार यथा समय विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जायेगा।

for परीक्षा नियंत्रक 31/05/21

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सन्दर्भित परीक्षा फार्म अग्रसारण से पूर्व अर्हता की भली–भांति जांच कर ली जाये कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं। उक्त के अतिरिक्त सन्दर्भित महाविद्यालय/संस्थान परीक्षा से पूर्व परीक्षार्थियों की कोविड–19 वैश्विक महामारी के दृष्टिगत आनलाईन कक्षाओं के माध्यम से न्यूनतम आवश्यक पढ़ाई की स्थिति सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी विद्यार्थी की ये औपचारिकतायें पूर्ण न हो तो सम्बन्धित विद्यार्थी का परीक्षा फार्म अग्रसारित न करते हुये, परीक्षा से पूर्व इसकी सूचना विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को प्रेषित करेंगे एवं सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा में ऐसे परीक्षार्थी न बैठ सकें। अन्यथा की स्थिति में सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित छात्र एवं महाविद्यालय/संस्थान का होगा।
02. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को, मा0 प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
04. वैयक्तिक सहायक–कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
05. वैयक्तिक सहायक–परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
06. वैयक्तिक सहायक–वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता/प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
12. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्प्यूटर एजेन्सी, को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त समस्त पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

31/05/21
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

CS Scanned with CamScanner